दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, शनिवार 25 सितंबर 2021 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-03, अंक- 356

महत्वपूर्ण एवं खास

मां और बेटी की गला काटकर हत्या

प्रयागराज (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में मां और उसकी बेटी की गला काटकर हत्या कर दी गई। एडिशनल एसपी ने बताया, कि मामला थाना नवावगंज क्षेत्र का मामला है। पुलिस को सूचना मिली थी कि 2 लोगों की गला काटकर हत्या कर दी गई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि घटना का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। कार्रवाई की जाएगी ।

राष्ट्रपति का आज सेना अस्पताल में हुआ मोतियाबिंद का ऑपरेशन

नई दिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद का आज सवेरे (24 सितंबर, 2021) सेना अस्पताल (परामर्श और अनुसंधान), नई दिल्ली में दूसरी आंख में मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया गया। कोविंद का ऑपरेशन सफल रहा और उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। 19 अगस्त, 2021 को उनकी पहली आंख में मोतियाबिंद का ऑपरेशन भी सेना अस्पताल में सफलतापूर्वक किया गया था।

कर्नाटक में केमिकल बॉयलर में हुआ ब्लास्ट, 4 लोग जख्मी

नई दिल्ली (आरएनएस)। कर्नाटक में एक केमिकल बॉयलर में ब्लास्ट हुआ है। इस धमाके में 4 लोगों के घायल होने की खबर आ रही है। बताया जा रहा है कि कर्नाटक के एट्टिबेले इलाके में यह बॉयलर फटा है। जानकारी के मुताबिक यह ब्लास्ट लेक कैमिकल्स में हुआ है। इसके बाद यह पूरा इलाका धुएं से भर गया। ब्लास्ट में घायलों को लेकर कहा जा रहा है कि वो लेक कैमिकल्स के कर्मचारी हैं। फायर ब्रिगेड की टीम को मौके पर भेजा गया है। फायर ब्रिगेड की 5 टीमें हालात पर काबू करने के लिए जद्दोजहद कर रही हैं।

एयर मार्शल संदीप सिंह होंगे भारतीय वायु सेना के अगले उप प्रमुख

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत सरकार ने एयर मार्शल संदीप सिंह को भारतीय वायु सेना के अगले उप प्रमुख के रूप में नियुक्त किया है। वह एयर मार्शल वीआर चौधरी का स्थान लेंगे, जो 30 सितंबर को वायु सेना प्रमुख का पदभार ग्रहण करेंगे। बीते दिनों भारत सरकार ने एयर मार्शल वीआर चौधरी को वायुसेना का अगला अध्यक्ष नियुक्त करने का फैसला लिया था। वीआर चौधरी वर्तमान में वाइस चीफ ऑफ एयर स्टाफ की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। बता दें कि मौजूदा वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया 30 सितंबर 2021 को सेवा रिटायर हो रहे हैं। एयर मार्शल संदीप सिंह फिलहाल साउथ वेस्टर्न एयर कमांड के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ हैं। उन्होंने एयर मार्शल सुरेंद्र कुमार घोटिया की सेवानिवृत्ति के बाद 1 मई 2021 को पदभार ग्रहण किया था। एयर मार्शल संदीप पकी जगह पर एयर मार्शल अमित देव को वेस्टर्नय एयर कमांड का अगला चीफ निकुय्क किया गया है। वह वर्तमान में ईस्टर्न एयर कमांड के प्रमुख हैं।

अविवाहित महिलाएं दे सकेंगी एनडीए और नौसेना अकादमी की परीक्षा, यूपीएससी ने दी आवेदन की अनुमति

नई दिल्ली (आरएनएस)। महिला उम्मीदवार राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) और नौसेना अकादमी परीक्षा 2021 में शामिल हो सकेंगी। संघ लोक सेवा आयोग ने इस परीक्षा के लिए अपनी वेबसाइट पर महिलाओं के लिए आवेदन का ऑनलाइन पोर्टल खोलने का निर्णय लिया है। संघ लोक सेवा आयोग के मुताबिक, केवल अविवाहित महिला उम्मीदवार ही यह परीक्षा दे सकती हैं। संघ लोक सेवा आयोग के मुताबिक भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय के अंतरिम निर्देश के अनुपालन में यह आदेश जारी किया गया है। इसके साथ ही अब एनडीए जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा एवं सर्विस में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जा सकेगी। कई महिलाएं लगातार इस प्रकार की सैन्य सेवाओं में जाने की इच्छा जाहिर करती रही हैं। संघ लोक सेवा आयोग ने कहा है कि शारीरिक मानक और महिला उम्मीदवारों के लिए रिक्तियों की संख्या रक्षा मंत्रालय से प्राप्त होने के बाद अधिसूचित की जाएगी। यूपीएससी का कहना है कि 24 सितंबर से 8 अक्टूबर के बीच महिला उम्मीदवार इस परीक्षा के लिए आनलाइन आवेदन कर सकती हैं।

कोर्ट में एक बार फिर गैंगवार, गैंगस्टर गोगी समेत तीन की हुई मौत

नई दिल्ली (आरएनएस)। राजधानी दिल्ली के रोहिणी जिले के रोहिणी कोर्ट में एक बार फिर गैंगवार की वारदात को अंजाम दिया गया। शुक्रवार दोपहर कुख्यात बदमाश जितेंद्र उर्फ गोगी को कोर्ट में पेशी के लिए लाया गया था। इस पेशी के दौरान वकील की ड्रेस पहने हुए दो लोगों ने उस पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। जवाबी कार्रवाई में स्पेशल सेल की तरफ से भी गोलियां चलाई गईं, जिसमें दोनों हमलावरों की मौत हो गई। इस तरह वारदात में गैंगस्टर गोगी समेत कुल तीन लोगों की मौत हो गई।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने जितेंद्र को वर्ष 2020 में गिरफ्तार किया था। काउंटर इंटेलिजेंस टीम ने उसे गुरुग्राम से तीन अन्य साथियों के साथ गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के समय उस पर दिल्ली पुलिस की तरफ से आठ लाख रुपये का इनाम घोषित था।

वह हत्या, अपहरण, पुलिस पर हमला आदि वारदातों में शामिल रहा था। गिरफ्तारी के बाद से उसे जेल में रखा गया था। शुक्रवार को तीसरी बटालियन की पुलिस और काउंटर इंटेलिजेंस की टीम उसे रोहिणी अदालत में पेश करने के लिए लाई थी। इसी दौरान वहां पर वकील की ड्रेस पहने हुए दो शख्स आए और उन्होंने गोगी पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं।

उसे बचाने के लिए काउंटर इंटेलिजेंस की टीम ने भी हमलावरों पर गोली चलाई जिसमें दोनों हमलावरों की मौत हो गई। रोहिणी कोर्ट में इन दोनों हमलावरों ने वकील की ड्रेस पहन कर प्रवेश किया था ताकि उन्हें कोई ना रोके। इस घटना में मारे गए दोनों बदमाशों की फिलहाल पहचान नहीं हो सकी है।

घटना में घायल हुए जितेंद्र उर्फ गोगी की मौके पर ही मौत हो गई। दिल्ली पुलिस का कहना है इस पूरी घटना में कुल तीन लोगों की मौत हुई है। पूरे मामले को लेकर छानबीन चल रही है। उल्लेखनीय है कि मारे गए जितेंद्र गोगी और अलीपुर के ताजपुरिया निवासी सुनील उर्फ टिल्लू के बीच करीब एक दशक से गैंगवार चल रही है।

इस गैंगवार में अब तक 20 से ज्यादा हत्याओं को अंजाम दिया जा चुका है। पुलिस सूत्रों का मानना है कि इस हत्या के पीछे सुनील उर्फ टिल्लू शामिल हो सकता है। हालांकि इसकी जानकारी जुटाने के लिए अभी पुलिस टीम छानबीन में जुटी हुई है।

इस वारदात के बाद दिल्ली बार काउंसिल के अध्यक्ष राकेश सहरावत ने इस घटना की निंदा की है। उन्होंने कहा रोहिणी कोर्ट में शूटआउट की यह घटना सुरक्षा में बड़ी चूक है। ऐसी घटनाएं लगातार हो रही हैं और अदालत की सुरक्षा खतरे में है। इस मुद्दे को पुलिस कमिश्नर के सामने उठाने के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। राकेश सहरावत ने आगे कहा, बार-बार ऐसी घटना सुरक्षाकर्मियों की लापरवाही से होती है। ऑल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट बार एसोसिएशन ऑफ दिल्ली की कॉर्डिनेशन कमेटी की बुलाई मीटिंग को देखते हुए रोहिणी कोर्ट की कार्यवाही एक दिन के लिए स्थगित कर की गई है। सभी सदस्यों को 25 सितंबर को कार्य से बचने के लिए कहा गया है।

भारतीय रेलवे ने श्रीलंका को सौगात में दिए 160 लग्जरी रेल कोच

» श्रीलंकाई रेलवे परियोजनाओं में भारत करेगा मदद

नई दिल्ली (आरएनएस)। श्रीलंका में चल रहे रेलवे प्रोजेक्ट्स के लिए भारत ने लग्जरी रेलवे कोचों की सौगात दी है। ये सभी कोच श्रीलंका की जरुरतों के हिसाब से तैयार किए गए हैं। दोनों देशों के बीच हुए 600 करोड़ रुपये के समझौते के तहत ये अत्याधुनिक कोच श्रीलंका को मिले हैं। रेलवे के बुनियादी ढांचे के विकास में श्रीलंका की मदद के लिए भारत ने उसके साथ ये करार किया है।

हाल ही में भारतीय रेलवे ने श्रीलंका रेलवे को 20 यात्री डिब्बों की एक खेप भेजी है। कोलंबो में भारतीय उच्चायोग की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक रेल इंडिया टेक्निकल एंड इकोनॉमिक सर्विस द्वारा अत्याधुनिक कोचों को पड़ोसी देश पहुंचाया गया है। 17 सितंबर को 20 यात्री डिब्बे कोलंबो बंदरगाह पहुंचे हैं। डिब्बों की यह खेप श्रीलंका रेलवे के साथ 160 यात्री कोच की आपूर्ति के ठेके का हिस्सा है, जिसके लिए अमेरिका ने भारत को 31.8 करोड़ डॉलर का कर्ज दिया है और भारत के माध्यम से इसे वित्त पोषित किया गया है। इस पहले खेप की कीमत 8.26 करोड़ अमेरिकी डॉलर है। बयान के अनुसार, इन अत्याधुनिक कोचों को भारत में बनाया गया है और इन्हें बनाते वक्त श्रीलंका रेलवे की जरूरतों का पूरा ध्यान रखा गया है। इन डिब्बों को इंटीग्रल कोच फैक्ट्री चेन्नई में तैयार किया गया है। श्रीलंका रेलवे को अब तक 160 यात्री डिब्बों में से 60 की आपूर्ति की जा चुकी है, जबकि 20 और यात्री डिब्बे भारत से भेजे जाने के लिए तैयार हैं। पीएसयू-राइट्स लिमिटेड 318 मिलियन अमेरिकी डॉलर की भारतीय ऋण सहायता के तहत श्रीलंका को दो वातानुकूलित डीएमयू की आपूर्ति करने के लिए भी तैयार है।

महंत नरेंद्र गिरि की मौत की जांच सीबीआई ने संभाली, पांच सदस्यीय टीम प्रयागराज पहुंची

प्रयागराज (आरएनएस)। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के प्रमुख महंत नरेंद्र गिरि की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत के मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। जांच की प्रक्रिया शुरू करने के लिए सीबीआई की पांच सदस्यीय टीम प्रयागराज पहुंची। प्राथमिकी तब दर्ज की गई थी जब उत्तर प्रदेश सरकार ने नरेंद्र गिरि की मौत की सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। 72 वर्षीय महंत सोमवार को बाघंबरी मठ स्थित अपने कमरे में मृत पाए गए। प्रारंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि गिरि की मौत फांसी के कारण दम घुटने से हुई है।

उत्तर प्रदेश पुलिस की एक जांच के अनुसार, महंत को आखिरी बार सोमवार को दोपहर के भोजन के बाद अपने कमरे में प्रवेश करते देखा गया था। शाम को उनके शिष्यों ने दरवाजा खटखटाया तो कोई जवाब नहीं आया। जब उनके शिष्यों ने दरवाजा तोड़ा और कमरे में प्रवेश किया, तो उन्होंने नरेंद्र गिरि को छत से लटका पाया। जिस कमरे में महंत नरेंद्र गिरि ने अपनी वसीयत लिखी थी, उस कमरे से एक कथित हस्तलिखित सुसाइड लेटर भी बरामद किया गया था और कई लोगों के नाम उसमें लिखे हुए थे। उनकी मृत्यु के बाद एक बड़ा विवाद तब खड़ा हो गया जब कई संतों ने कथित सुसाइड नोट को फर्जी करार दिया और महंत की मौत को हत्या करार दिया। महंत नरेंद्र गिरि को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में तीन लोगों आनंद गिरि, आद्या तिवारी और संदीप तिवारी को यूपी पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

राष्ट्रपति ने वर्ष 2019-20 के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार प्रदान किए

नई दिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने आज एक वर्चुअल समारोह में वर्ष 2019-20 के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि मानव जीवन की इमारत प्रायः छात्र जीवन की नींव पर खड़ी होती है। वैसे तो सीखना जीवनपर्यंत चलने वाली एक सतत प्रक्रिया है, लेकिन बुनियादी व्यक्तित्व विकास छात्र जीवन के दौर में ही शुरू हो जाता है। इसलिए वे राष्ट्रीय सेवा योजना-एनएसएस को एक दूरदर्शी योजना मानते हैं, जिसके माध्यम से छात्रों को अपने स्कूल और कॉलेज के दिनों में ही समाज व देश की सेवा करने का अवसर मिलता है।

इस तथ्य की ओर इंगित करते हुए कि राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना वर्ष 1969 में महात्मा गांधी की जन्म शताब्दी के अवसर पर की गई थी, राष्ट्रपति ने कहा कि महात्मा गांधी ने अपना पूरा जीवन मानवता की सेवा में ही समर्पित कर दिया। उनकी इच्छा थी कि हमारे देश के युवा जिम्मेदार नागरिक बनें और अपने व्यक्तित्व को पहचानें। गांधी जी के अनुसार स्वयं को जानने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि खुद को दूसरों की सेवा में समर्पित कर दिया जाये। गांधी जी का जीवन मानव सेवा का उत्कृष्ट उदहारण है। उनके आदर्श और उनकी सेवा की भावना आज भी हम सब के लिए प्रासंगिक एवं प्रेरणादायी हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि कोविड-19 के शुरुआती प्रकोप के समय से लेकर, बड़े पैमाने पर मास्क का उत्पादन शुरू होने तक एनएसएस द्वारा 2 करोड़ 30 लाख से अधिक मास्क बनाए गए और देश के विभिन्न हिस्सों में वितरित किए गए। उन्होंने यह भी कहा कि एनएसएस स्वयंसेवकों ने हेल्पलाइन के माध्यम से लोगों को कोविड से संबंधित जानकारी प्रदान की और साथ ही जिला प्रशासन को जागरूकता तथा राहत गतिविधियों में मदद की। राष्ट्रपति ने कहा कि आजादी के 75वें वर्ष को पूरे देश में आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। उन्हें यह जानकर खुशी हुई है कि भारतीय स्वाधीनता आंदोलन और स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान पर वेबिनार/सेमिनार आयोजित करके इस महोत्सव में एनएसएस के स्वयंसेवक योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे स्वतंत्रता संग्राम और स्वाधीनता सेनानियों के आदर्शों के बारे में जागरूकता फैलाना भी राष्ट्र की सेवा है।

जलमार्ग मंत्री सोनोवाल ने न्यू मैंगलोर पोर्ट में तीन परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने आज न्यू मैंगलोर बंदरगाह पर तीन परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए आधारशिला रखी। उनके साथ सांसद नलिन कुमार कतील और न्यू मैंगलोर पोर्ट ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ ए वी रमना भी मौजूद थे। परियोजनाओं में ट्रक पार्किंग टर्मिनल के लिए आधारशिला रखना और यूएस माल्या गेट का संशोधन, और नव निर्मित व्यापार विकास केंद्र को राष्ट्र के प्रति समर्पित करना शामिल है। इस अवसर पर बोलते हुए सोनोवाल ने कहा कि 1.9 करोड़ रुपये की लागत से 17000 वर्ग मीटर का अतिरिक्त ट्रक पार्किंग क्षेत्र विकसित किया जाएगा। ट्रक टर्मिनल को 2022-23 में 5 करोड़ रुपये की परियोजना लागत पर कंक्रीट फुटपाथ, गेट हाउस, रेस्तरां और छात्रावास प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पोर्ट के संस्थापक के नाम पर बने यूएस माल्या गेट को 3.22 करोड़ रुपये की लागत से कायाकल्प किया जाएगा। कार्य मार्च 2022 तक पूरा होने की संभावना है। उन्होंने कहा, व्यापार विकास केंद्र एक छत के नीचे एक्जिम व्यापार बिरादरी को सभी सुविधाएं प्रदान करेगा।

मंत्री ने कहा कि बेहतर आंतरिक संपर्क के कारण, इस बंदरगाह पर कंटेनर और अन्य सामान्य कार्गो यातायात बढ़ रहा है। न्यू मैंगलोर पोर्ट से दक्षिण कन्नड़ जिले और कर्नाटक राज्य के बाहर दूर के स्थानों पर कार्गो की निकासी के लिए प्रतिदिन लगभग 500 ट्रकों की आवाजाही हो रहे हैं। हालांकि बंदरगाह ने लगभग 160 ट्रकों के लिए पार्किंग की सुविधा प्रदान की है, लेकिन मौजूदा पार्किंग क्षेत्र अपर्याप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि नए पार्किंग क्षेत्र का निर्माण इस बंदरगाह से एक्जिम व्यापार के लिए वरदान साबित होगा।

एनएमपीटी के अध्यक्ष डॉ ए वी रमना ने बताया कि न्यू मैंगलोर पोर्ट ट्रस्ट के पूर्वी गेट परिसर के प्रस्तावित संशोधन का आयाम 46.6 मीटर लंबा और 13.5 मीटर चौड़ा है। गेट परिसर में ट्रकों, चौपहिया यात्री वाहनों, दोपहिया, पैदल चलने वालों, आरएफआईडी प्रणाली के प्रावधान, रेडियोलॉजिकल निगरानी उपकरण और बूम बैरियर आदि की आवाजाही के लिए अलग-अलग लेन हैं। उन्होंने कहा, व्यवसाय विकास केंद्र और परीक्षण केंद्र आईओसी रिटेल आउटलेट से सटे राष्ट्रीय राजमार्ग-66 के पश्चिमी किनारे पर 2.80 एकड़ में एक क्षेत्र पर बनाए गए हैं।

वायु सेना की अब बढ़ेगी रफ्तार, एयरबस से हुआ 22 हजार करोड़ का करार

नई दिल्ली (आरएनएस)। रक्षा मंत्रालय ने एयरबस के साथ 22,000 करोड़ रुपये का बड़ा करार किया है। इसके तहत एयरबस की ओर से वायुसेना को 56 सी-295 मीडियम ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट्स की सप्लाई की जाएगी। सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने इस डील को 15 दिन पहले ही मंजूरी दे दी थी, जिस पर अब हस्ताक्षर हुए हैं। एयरबस की ओर से बनाए गए सी-295 एयरक्राफ्ट भारतीय वायुसेना में अब तक शामिल रहे एवीआरओ-748 प्लेन्स की जगह लेंगे। एयरबस डिफेंस एंड स्पेस और टाटा अडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड की ओर से संयुक्त रूप से इस प्रोजेक्ट पर काम किया जाएगा। मेक इन इंडिया के तहत इस प्रोजेक्ट पर काम होना है। एयरबस की ओर से 16 एयरक्राफ्ट एकदम तैयार करके दिए जाएंगे। इसके अलावा बाकी 40 की असेंबलिंग भारत में टाटा की कंपनी करेगी। एवीआरओ-748 एयरक्राफ्ट्स को रिप्लेस करने के प्लान पर बीते एक दशक से काम चल रहा था, जिसे पर अब जाकर अमल हो सका है। रक्षा अधिग्रहण परिषद की ओर से 2012 में ही 56 नए एयरक्राफ्ट्स को खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी। भारत में रक्षा उपकरणों की खरीद के लिए एक्सेप्टेंस ऑफ नेसेसिटी का प्रस्ताव काउंसिल के समक्ष भेजा जाता है।

सदन में कम हाजिरी वाले सांसदों को संसदीय समिति में नहीं मिलेगी जगह

» सभापति ने सभी दलों को पत्र लिखकर दिया संकेत

नई दिल्ली (आरएनएस)। संसद की स्थायी समितियों के इस माह होने वाले पुनर्गठन के लिए उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने सभी दलों को पत्र लिखकर सांसदों की रुचि और उपस्थिति को ध्यान में रखकर सांसदों को नामांकित करने का आग्रह किया है। इस बारे में बीते एक साल की विभिन्न संसदीय समितियों की उपस्थिति और सांसदों की रुचि के आंकड़े भी जारी किए गए हैं। नए नियमों से सदन और समितियों की बैठकों में कम आने वाले सांसदों की समितियों में एंट्री बंद हो सकती है।

विभिन्न संसदीय समितियों में सदस्य राज्यसभा के 243 सांसदों में 16 सांसद ही ऐसे रहे जिनकी उपस्थिति शत प्रतिशत रही। इनमें भाजपा के 10, कांग्रेस के तीन और सपा, द्रमुक एवं टीआरएस के एक-एक सांसद शामिल हैं। संसद की विभिन्न विभाग संबंधी स्थायी समितियों का पुनर्गठन हर साल सितंबर माह में होता है और इनमें सदन के अंदर अपनी संख्या के अनुसार हर दल को एक निश्चित संख्या में अपने सांसदों को नामांकित करने का मौका मिलता है। राज्यसभा के बीते एक साल सितंबर 2020 से अगस्त 2021 तक के विभिन्न संसदीय समितियों के आंकड़ों के अनुसार संसद की 24 विभाग संबंधी स्थायी संसदीय समितियों में राज्यसभा के कुल 243 सांसद सदस्य हैं। इनमें 32 दलों के साथ निर्दलीय एवं मनोनीत वर्ग के इन सांसदों ने 361 बैठकों में हिस्सा लिया। वेंकैया नायडू तीन साल से इन संसदीय समितियों पर बारीकी नजर रखे हुए हैं। उन्होंने सभी समितियों के सभापतियों से कहा था कि समिति की हर बैठक में कम से कम 50 फीसद की उपस्थिति और ढाई घंटे तक की बैठक सुनिश्चित करें।

केवल 16 सांसदों की उपस्थिति शतप्रतिशत- आंकड़ों के अनुसार विभिन्न समितियों में शामिल राज्यसभा के कुल 16 सदस्य ही ऐसे रहे, जिनकी उपस्थिति शत-प्रतिशत रही। इनमें भाजपा के 10 सांसद सुब्रमण्यम स्वामी, राकेश सिन्हा, के सी राममूर्ति, अरुण सिंह, विकास महात्मे, अशोक वाजपेयी, डीपी वत्स, जयप्रकाश निषाद, विनय सहस्त्रबुद्धे और टीजी वेंकटेश शामिल है। कांग्रेस के तीन सदस्य आनंद शर्मा, जयराम रमेश और छाया वर्मा, सपा के रामगोपाल यादव, द्रमुक के विल्सन और टीआरएस के केशव राव भी सभी समितियों की बैठक में उपस्थित रहे।

इन 92 सांसदों की हाजिरी 50 फीसदी से ज्यादा- आंकड़ों के अनुसार भाजपा के 92 सांसदों की इन समितियों की बैठकों में उपस्थिति 50.50 फीसद रही, जबकि कांग्रेस के 38 सांसदो की उपस्थिति 41.86 फीसद रही। अन्य दलों में सबसे ज्यादा उपस्थिति वाईएसआरसीपी की 66.66 फीसदी रही, जबकि सबसे कम जनता दल यू की 16.17 फीसद रही। बीजद की 61. 65 फीसदी, टीआरएस की 43.56 फीसदी, डीएमके की 43.34 फीसदी, सपा की 37.98 फीसदी, राजद की 36.36 फीसदी, माकपा की 33.96 फीसदी, अन्नाद्रमुक की 31.09 फीसदी, बीएसपी की 26.66 फीसदी, तृणमल कांग्रेस की 24.44 फीसदी, आम आदमी पार्टी की 77.19 फीसदी, शिवसेना की 75.55 फीसदी, अकाली दल की 69.23 फीसदी, राकांपा की 39.21 फीसदी, पीडीपी की 16.66 फीसदी व तेलुगुदेशम 90 फीसदी उपस्थिति रही। निर्दलीय और मनोनीत सांसदों की उपस्थिति नौ फीसद रही।